हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 18 मई 2024

06 अवैध उत्खनन मामले में रेत माफिया पर मामला हुआ...



07 संयुक्त संचालक पहुंचे आंगनवाड़ी केंद्रों में...





### अवैध शराब व जब्त सामग्री की कीमत 1 लाख 88 हजार 200 रुपए है

# अवैध शराब के साथ आबकारी टीम ने की स्कूटी जब्त, आरोपी फरार

**आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही कर 300 पाव देशी शराब प्लेन एवं 72 बोतल केन बीयर जप्त की गई एवं अवैध शराब परिवहन करते हुए 2 स्कूटी जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) एवं 34 (2) गैर जमानतीय अपराध के तहत प्रकरण कायम कर प्रकरण विवेचना में लिए गए कुल जप्त अवैध शराब एवं वाहन की अनुमानित कीमत 1 लाख 88 हजार 200 रुपए है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले में अवैध शराब विक्रय निर्माण परिवहन पर कार्यवाही के परिपेक्ष्य में निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में जिले अवैध शराब निर्माण विक्रय परिवहन संग्रहण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को शहर में प्रातः मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि इटारसी की तरफ से स्कुटियो द्वारा अवैध शराब लाई जा रही है। आबकारी टीम रसूलिया क्षेत्र में पहुंचे पर अज्ञात आरोपियों द्वारा टीम को देखकर शराब एवं वाहन छोड़ कर मौके से फरार हो गए। इस कार्रवाई में 300 पाव देशी शराब प्लेन एवं अवैध शराब परिवहन करते हुए एक स्कूटी जप्त की गई।

अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकरी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) के अंतर्गत गैर जमानतीय प्रकरण कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया आरोपी का पता लगाया जा रहा है। गस्त के दौरान अन्य कार्रवाई में 72 बोतल केन बीयर एवं अवैध शराब परिवहन करते हुए एक स्कूटी जप्त की गई।

अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकरी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया कुल जप्त की गई शराब एवं वाहनों की अनुमानित कीमत 1 लाख 88 हजार 200 रूपए है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकरी अधिकारी विनोद सल्लाम आबकारी उप निरीक्षक वासुदेवाचार्य त्रिपाठी आबकारी मुख्य आरक्षक रामदत्त शर्मा, रघुवीर निमोदा नर्मदप्रसाद मेहरा, आबकारी आरक्षक विकास लोखंडे गणपत बोबडे, भावना यादव का सराहनीय योगदान रहा। जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर द्वारा बताया गया की मुखबिरों से सूचनायें प्राप्त कर आबकारी की टीमें संपूर्ण जिले में अवैध मदिरा के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही हैं।

# विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोषी को 4 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम नर्मदापुरम की अदालत ने आरोपी जितेंद्र ठाकुर को धारा-7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा-13(1)(बी) सहपठित धारा 13(2) भ्रनि अधि. में 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2 हजार रूपये अर्थदंड से दंडित किया। जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया कि प्रकरण का फरियादी अशोक पटेल ने लोकायुक्त कार्यालय भोपाल में इस बात की शिकायत की गई थी कि ग्राम खैरा में उसके पिता के द्वारा खरीदी गई जमीन एवं बटवारे में प्राप्त जमीन का नामान्तरण कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज करने के संबध में पटवारी जितेन्द्र ठाकुर तहसील पिपरिया के द्वारा नामांतरण को कम्प्यूटर में दर्ज कराने के नाम से पांच हजार रूपये की मांग की जा रही है। जिसकी जांच सत्यापन पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त संभाग भोपाल के निर्देश पर निरीक्षक नीलम पटवा के द्वारा कराया गया।

जांच में पाया कि पटवारी जितेन्द्र ठाकुर फरियादी अशोक पटेल और उसके मित्र मनोज पटेल की जमीन के संबध में काम के लिये पांच हजार रूपये की मांग की गई। जिसे फरियादी के द्वारा दिये गये डीव्हीआर में रिकार्ड किया गया था। जिसके आधार पर आरोपी जितेन्द्र ठाकुर के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त के द्वारा टेप इल दल गठित किया गया। जिसमें निरीक्षक उमा कुशवाहा, निरीक्षक संजय शुक्ला, निरीक्षक सलील शर्मा, आर. ब्रजबिहारी पाण्डे, मुकेश पटेल शामिल थे। टेप कार्यवाही लोकायुक्त निरीक्षक नीलम पटवा के नेतृत्व में हुई। टेप कार्यवाही 6 सितंबर 2018 को हुई। जिसमें फरियादी अशोक पटेल से पटवारी द्वारा उसके घर पर पैसे लेते हुये रंगे हाथों पकड़ा। प्रकरण में अग्रिम विवेचना संजय जैन उप पुलिस अधीक्षक के द्वारा की गई। विवेचना उपरांत आरोपी के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-13(2) सहपठित धारा 13(1)(बी) का अभियोग पत्र विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन के द्वारा 17 अभियोजन साक्षियों के परीक्षण कराये गये।

अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क पर विचार करते हुए विशेष न्यायालय के द्वारा आरोपी को रिश्वत मांगने एवं लेने के आरोप में दोषी पाते हुए 4-4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से विषेष लोक अभियोजक दिनेश कुमार यादव, जिला-नर्मदापुरम द्वारा पैरवी की गई।

## बीटीआई क्षेत्र में विद्युत प्रवाह कल बंद

**नर्मदापुरम।** प्रबंधक शहर जोन 1 नर्मदापुरम ने बताया है कि 19 मई को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक बीटीआई उपकेन्द्र का मैन्टेनेंस किया जाएगा। इस कारण से केव्ही सबस्टेशन अंतर्गत ईदगाह, खोजनपुर, कब्रिस्तान, श्रीगुंज गार्डन के पीछे, अन्य संबंधित क्षेत्र तथा बीटीआई सबस्टेशन अंतर्गत जुमेराती, भीलपुरा, बसंत टाकीज, कोरी मोहल्ला, फुटा कुंआ, राठोर मार्ग, बालागंज, रविशंकर मार्केट, लेड़यि मैदान आदि संबंधित क्षेत्रो में प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाएगी।

## अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह राजपूत केन्द्रीय नोटरी नियुक्त हुए



**नर्मदापुरम।** अधिवक्ता संघ के पूर्व सहसचिव ठाकुर सुरेंद्र सिंह राजपूत को केन्द्रीय नोटरी नियुक्त किए जाने पर अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष केके थापक, सचिव मनोज जराठे, कार्यकारणी सदस्य सौरभ तिवारी, प्रदीप तिवारी, प्रशांत तिवारी, दीलिप ठाकुर अधिवक्ता श्रीप्रकाश दुबे, अनिल गौर आदि मित्रों ने बधाई प्रेषित की।

# हाई स्कूल में नवनिर्मित करियर गैलरी का निरीक्षण

**सहायक आयुक्त ने की योजनाओं की समीक्षा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम संजय द्विवेदी ने गत दिवस गोंची तरोंदा हाईस्कूल में नवनिर्मित कॅरिअर गैलरी का निरीक्षण किया एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। द्विवेदी ने प्राचार्य डॉ. आर अभ्यंकर के मार्गदर्शन में नव निर्मित कॅरिअर गैलरी की सराहना की।

प्राचार्य अभ्यंकर ने बताया कॅरियर गैलरी का उद्देश्य शिक्षण संस्थान में पढ़ाई को आसान बनाना है तथा कक्षा 10 व 12 वीं के बच्चो को आगे किस फील्ड में जाना है, क्या पढ़ना है, उनकी रूचि को जानना आदि बातो को ध्यान में रखते हुए कॅरिअर गैलरी का निर्माण किया गया है। कॅरिअर गैलरी के माध्यम से अध्ययनरत बच्चो को यह बताने का प्रयास किया जाता है कि उन्हें किस फील्ड में जाना चाहिए इसके लिए दक्षता स्केल बनाया है जैसे यदि बच्चे ने 45 प्रतिशत मार्क लाया है तो उसे जेई या नीट में न भेजकर उसे लिपकीय ग्रेड में भेजने के लिए मार्गदर्शन दिया जाता है। कॅरिअर कक्ष का संचालन 5 वे पीरियड के बाद होता है, बच्चे जैसे ही कक्ष में प्रवेश करते हैं तो शिक्षक द्वारा उन्हें बुक्स इशू कराया जाता है। कॅरियर गैलरी में हर संकाय के कोर्स की जानकारी डिस्प्ले की गई है ताकि बच्चे उसे पढ़ कर तदनुसार बुक इशू करवा सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि करियर कक्ष बनने के बाद बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों तक पहुँची तो गोंची तरोंदा का नामांकन में वृद्धि दर्ज की गई है। पास आउट बच्चे एवं पालक समय-समय पर कॅरिअर गैलरी का अवलोकन करने आते है और सराहना करते हैं।

# स्प्रिंगडेल्स स्कूल का दल अंतरराष्ट्रीय संस्कृति सम्मेलन के लिए चेन्नई रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




आईआईटी में होने वाले अंतरराष्ट्रीय संस्कृति सम्मेलन के लिए स्प्रिंगडेल्स स्कूल का दल चेन्नई के लिए रवाना हुआ। सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ का 9वां वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आईआईटी चेन्नई में हो रहा है जो 20 मई से 26 मई तक रहेगा।

इस सम्मेलन में स्प्रिंगडेल्स स्कूल को सम्मिलित होने का आमंत्रण प्राप्त हुआ है। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में शिक्षकों व बच्चो को भेजने का उद्देश्य प्राचीन भारतीय संस्कृति के बारे में जानकारी व ज्ञान प्राप्त करना है जहां बच्चो द्वारा की जाने वाली अनेक गतिविधियां की जाएंगी। इस सम्मेलन से बच्चो के जीवन शैली में अनेक बदलाव नजर आएंगे। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर सुभाशीष चटर्जी ने कहा कि स्प्रिंगडेल्स परिवार बच्चो की सुखद यात्रा की कामना करता है और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि हेतु बधाई देता है। प्राचार्य मोना चटर्जी, उप प्राचार्य लक्ष्मी पलोहिया एवं जरनल मैनेजर सोनल सोखी सहित शिक्षकों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए दल को रवाना किया।

## गृह विज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्यों की बैठक आज

**नर्मदापुरम।** शनिवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में प्राचार्यों की बैठक का आयोजन शासकीय कन्या गृह विज्ञान महाविद्यालय में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने जानकारी देते हुए बताया है की बैठक में हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम, केसला ब्लाक एवं जो भी शासकीय शालाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है उनका सम्मान तथा जिले और प्रदेश की मेरिट लिस्ट में जो भी शासकीय अशासकीय शालाओं के छात्र-छात्राएं ने स्थान प्राप्त किया है उनका सम्मान किया जाएगा तथा अन्य विषयों की भी समीक्षा की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने सर्व संबंधितों को बैठक से संबंधी जानकारी के साथ नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया है।

# अतिक्रमण हटाने के विरोध में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन, नपा के खिलाफ की नारेबारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम में सतरस्ते से ग्वालटोली पुलिया तक फैले अतिक्रमण को शुक्रवार को नगरपालिका के अतिक्रमण दल द्वारा हटाया गया। सुबह 9.30 बजे नगरपालिका अमला जेसीबी व पुलिस के दल-बल के साथ पहुंचा। सड़क किनारे सरकारी जमीन पर रखे टप व सब्जी-फल के हाथठेलों को जेसीबी से उठाकर ट्राली में रखा गया। कार्रवाई से नाराज फल-सब्जी विक्रेता व टपों के व्यापारी नाराज हो गए। पहले उन्होंने नारेबाजी व विरोध प्रदर्शन किया। कुछ देर बाद लोग महिलाओं और बच्चों के साथ थाने एवं नगरपालिका पहुंचे। नगरपालिका परिसर में लोगों ने नारेबाजी की। नगरपालिका के गेट पर ही बैठकर सभी ने धरना शुरू कर दिया। नगरपालिका अमले पर तानाशाही, मनमानी व अवैध वसूली के भी आरोप लगाए। लोगों ने कहा कि नगरपालिका को केवल छोटे व्यापारी व हाथ-ठेले वालों का ही अतिक्रमण दिखता है। शहर में बड़े व्यापारियों के पक्के अतिक्रमण को नहीं हटाया जाता। करीब दो घंटे तक अतिक्रमण हटाने का विरोध प्रदर्शन चलते रहा। नगरपालिका अतिक्रमण दल द्वारा जेसीबी से हाथ ठेले व टपों को हटाकर रखा गया। जेसीबी से हटाने के दौरान टप व ठेले क्षतिग्रस्त हुए। व्यापारियों ने प्रशासन के साथ साथ जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग करने की मांग की है।

## नर्मदापुरम जिले के खिलाड़ियों का मप्र राज्य कुश्ती अकादमी भोपाल द्वारा प्रतिभा चयन का आयोजन 30 व 31 मई को भोपाल में किया जाएगा

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश राज्य कुश्ती अकादमी भोपाल के नर्मदापुरम जिले के खिलाड़ियो का वर्ष 24-25 के लिए प्रतिभा चयन कार्यक्रम का आयोजन 30 एवं 31 मई 2024 को भोपाल में आयोजित किया गया है। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी नर्मदापुरम ने तदाशय की जानकारी देते हुए बताया है कि प्रतिभा चयन में आयु गणना 31 मई 2024 की स्थिति में में किया जाएगा। नवीन खिलाड़ी इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से संपर्क कर अथवा मुख्य प्रशिक्षक महासिंह राव के मोबाईल नंबर 9868119398, सहायक प्रशिक्षक रेखा रानी मो.नं. 8950863330 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। 12 से 16 वर्ष व राज्य व राष्ट्रीयस्तर के खिलाड़ी 12 से 18 वर्ष आयु की गणना की जाएगी। प्रतिभा चयन भोपाल में 30 एवं 31 मई 2024 को किया जाएगा।



### पचमढ़ी में योगा एवं वेलनेस रिट्रीट- टूरिज्म बोर्ड की एएमडी बिदिशा मुखर्जी हुईं शामिल

# 'योग व वेलनेस का प्रमुख केंद्र बन रहा प्रदेश'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पचमढ़ी में योगा एवं वेलनेस रिट्रीट का आयोजन किया जा रहा है। 19 मई तक चलने वाले आयोजन में पर्यटक सतपुड़ा की वादियों में प्राकृतिक सौंदर्य के बीच शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का लाभ ले रहे हैं।

शुक्रवार को मप्र टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी (आईएएस) ने भी भागीदारी की और विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश तेजी से वेलनेस एवं स्वास्थ्य पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य, प्रदूर्षण मुक्त वातारवरण अपने आप में एक वेलनेस केंद्र है, जहां देश-विदेश से आने वाले पर्यटक स्वास्थ्य लाभ लेते हैं। पहाड़, झरना, नदी के बीच योगासन उठा रहा है।





उन्होंने सभी प्रतिभागियों को म.प्र. पर्यटन की विशेषता पर जोर दिया और कहा कि यहां प्राकृतिक सौंदर्य के साथ ही ऐतिहासिक धरोहरें मौजूद हैं, विविध वन्य जीवन रोमांचित करता है। शहरी जीवन से दूर लोग अब मध्यप्रदेश के ऐसे ऑफबीट डेस्टिनेशन की और रुख कर रहे हैं। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पचमढी में संस्था साक्षी-द डिवाइन विटनेस के साथ मिलकर योगा एवं वेलनेस रिट्रीट कार्यशाला का आयोजन किया गया है। सतपुड़ा बायोस्फीयर परियोजना का एक अभिन्न अंग पचमढ़ी देश के सबसे समृद्ध एवं मनमोहक जंगलों में से एक है।

यहां की समृद्ध वन्य जीवन, घास के विशाल मैदान, मनमोहक झरने एवं सुरम्य प्राकृतिक नजारों के बीच बैकवाटर के दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करते है। यहां के विविध परिदृश्य, हरे-भरे जंगल, नदियां और मनोरम वादियां मन, शरीर और आत्मा को जीवंत कर देते हैं। देशभर से आए पर्यटकों ने यहां मोर शम्भो ध्यान में सूर्य क्रिया और जटाशंकर में चित्तशक्ति ध्यान योगा किया गया। झरने के निकट मेडिटेशन, सूर्य कृपा, जटाशंकर मंदिर में भक्ति साधना, सनसेट पॉइंट पर चित्तशक्ति मेडिटेशन एवं जंगल ट्रेकिंग का भी आनंद ले रहे हैं।

# खाद्य-औषधि विभाग ने पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर के लिए नमूने

**नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं प्राप्त शिकायत के आधार पर शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार एवं दल ने पानी के निर्माण यूनिट गणपति इंडस्ट्री अजनेरी सोहागपुर के परिसर का निरीक्षण किया तथा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के तीन नमूने लिए। एक्यूडब्ल्यूएटी पैकेज ड्रिंकिंग वाटर की 30 बोरिया अर्थात लगभग 2400 पैकेट जब्त किये गये। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### पुस्तक मेले का हुआ आयोजन

**शाहपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र एवं जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार अशासकीय विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं हेतु, पालकों को गुणवत्ता पूर्वक एवं उचित मूल्य पर पुस्तक प्राप्त करने की सुविधा के लिए शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन शासकीय सी एम राइज स्कूल शाहपुर में किया गया। पुस्तक मेले का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहपुर वी के नामदेव तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शाहपुर जीआर बर्डे के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर इस मेले का शुभारंभ किया गया। उनके द्वारा पुस्तक मेले का अवलोकन कर दुकानदार एवं बालको से पुस्तक मेले में के संबंध में चर्चा करने मेले से उचित दाम पर शिक्षण सामग्री क्रय करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। मेले में नगर शाहपुर के पुस्तक विक्रेताओं द्वारा अपने स्टाल लगाकर शिक्षण सामग्री का उचित मूल्य पर विक्रय किया गया। इस पुस्तक मेले के अवसर पर पालकों एवं बच्चों ने उत्साह पूर्वक इसमें भाग लेकर पुस्तक मेले का लाभ प्राप्त किया। इस पुस्तक मेले को सुव्यवस्थित संचालित करने में शाहपुर के बीआरसी स्टाफ के कर्मचारियों ने सहयोग प्रदान किया। जिससे विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेले का सफल संचालन हुआ।

### छत पर पापड़ बना रही महिला गिरी, भर्ती

**बैतूल।** एक महिला घर की छत पर पापड़ बना रही थी। इसी दौरान उसका संतुलन अनियंत्रित हो गया और वह नीचे गिर गई जिससे, उसके शरीर में गंभीर चोट पहुंची है। महिला को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनीता बाई मन्नासे उम्र 40 वर्ष निवासी भैसदेही आमला शुक्रवार सुबह 11 बजे के करीब महिला अपने घर के छत पर पापड़ बना रही थी तभी महिला पापड़ बनाते समय अचानक अनियंत्रित होकर छत से नीचे गिर गई जिसमें महिला को सर और पीठ में गंभीर चोटें आई है। जैसे ही घटना की जानकारी परिजनों को लगी तो परिजन महिला को गंभीर हालत में प्राइवेट वाहन की सहायता से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और भर्ती कराया है। फिलहाल महिला को जिला अस्पताल के महिला सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया।

### महाकाली शक्ति साधन शिविर का आयोजन होगा

**बैतूल।** सिद्धाश्रम साधक परिवार निखिल मंत्र विज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में 18, 19 मई को आनंद मैरिज लान लिंक रोड सदर बैतूल में महाकाली साधना शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बैतूल में प्रति वर्ष आयोजित होने वाले शिविर में पूज्यपाद सदगुरुदेव डॉ नारायण दत्त श्रीमाली निखिलेश्वर महाराज की छत्रछाया में पूज्य गुरुदेव नंदकिशोर श्रीमाली जी के सानिध्य मे शक्तिपात, मंत्र साधना, पूजन, गुरू दिक्षा कार्यक्रम संपन्न कराए जायेंगे । शिविर में देश भर से आने वाले साधकों को पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

### शा. आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन 20 तक

**बैतूल।** शासकीय आईटीआई बैतूल में नए सत्र के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं जिसकी अंतिम तिथि 20 मई तक है। पंजीयन संस्था की अधिकृत साईट पर जाकर ऑनलाइन किया जा सकता है। जिसमें विद्युतकार, फिटर, टर्नर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टेनो हिन्दी, वेल्डर, कोपा, डीएमपी, मैकेनिक डीजल विषय के लिए 10वीं पास और वुड वर्क टेक्नीशियन के लिए 8वीं पास योग्यता होना आवश्यक है।

### शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रवेश प्रारंभ

**बैतूल।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल में संचालित 11 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ है। विद्यार्थी 20 मई तक अपना पंजीयन करा सकते है। इस संस्था में संचालित विद्युतकार 2 वर्ष, फिटर 2 वर्ष, टर्नर (सीएनसी लैब ट्रेनिंग) 2 वर्ष, मैकेनिक मोटर व्हीकल 2 वर्ष, मैकेनिक इलेक्ट्रॉनिक्स 2 वर्ष, स्टेनो हिन्दी एक वर्ष, वुड वर्क टेक्नीशियन (कारपेंटर) एक वर्ष, वेल्डर एक वर्ष, कोपा एक वर्ष, डीएमसी (ड्राफ्ट्समैन सिविल) 2 वर्ष, मैकेनिक डीजल एक वर्षीय पाठ्यक्रम है।

---

रिंकू राठौर, अरशद कुरैशी, महेन्द्र धाकड़, दीपेश पटेल, रविन्द्र चौहान समेत 7 पर मामला दर्ज

# अवैध उत्खनन मामले में रेत माफिया पर मामला हुआ दर्ज

## रेत की चोरी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले के शाहपुर तहसील क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करने वाले माफिया के खिलाफ शाहपुर और चोपना थाने में तीन मामले दर्ज किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से हुई शिकायत के बाद कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने स्वयं मौके पर रहकर मंगलवार और बुधवार को 20 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की एक लाख 40 हजार घन फीट रेत, आठ पोकलेन, बुलडोजर और 32 डंपर जब्त कराए हैं। रेत चोरी के मामले में पुलिस ने चोरी और विभिन्न धाराओं के तहत अलग अलग तीन मामले दर्ज किए हैं।



थाना शाहपुर में पुलिस ने सहायक खनिज अधिकारी बैतूल भगवंत कुमार नागवंशी द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर आरोपी अंकुर उर्फ रिंकु राठौर पिता कुश राठौर निवासी स्टेशन रोड शाहपुर तहसील शाहपुर जिला बैतूल, अरशद कुरैशी पिता मोहम्मद इरशाद कुरैशी निवासी बडचौक शाहपुर थाना शाहपुर जिला बैतूल व एक अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 379 भावि सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा-3 का अपराध पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। खनिज विभाग ने तहसील शाहपुर के ग्राम गुरगुंदा स्थित तवा नदी क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध उत्खनन कर्ता एवं जब्त शुदा चेन माउन्टेड पोकलेन मशीन को भगाकर ले जाने वालो के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने का आवेदन दिया है। उसमें उल्लेख है कि ग्राम गुरंगुंदा तहसील शाहपुर स्थित तवा नदी क्षेत्र बसरा क्रमांक 01 रकबा 34.552 है0 क्षेत्र के अंश भाग में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की शिकायत प्राप्त होने पर दिनांक 14.5.24 को रात्रि के समय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहपुर, तहसीलदार शाहपुर एवं राजस्व अमला शाहपुर तथा उप संचालक (ख. .प्र.) सहा. खनि अधिकारी री बैतूल द्वारा उक्त क्षेत्र का संयुक्त रूप से मौका निरीक्षण किया। जिसमें तवा नदी के समीप एक चेन माउन्टेड पोकलेन मशीन मांडल नंबर एक्सई 2101, पीवीएन एक्सयूजीबी 210 बीएचएमके 00887 रंग पीला को अवैध उत्खनन कर्ता द्वारा जांच दल की सूचना प्राप्त होने पर मौके से मशीन लेकर भागे। नदी क्षेत्र के समीप एक तालाब नुमा संरचना मे छोड दिया। मौके पर रेत उत्खनन से गड्ढे पाये गये थे। रात्रि का समय होने के कारण गड्ढो की नाप नही की गई थी तथा नदी के समीप लावारिस चेन माउन्टेन पोकलेन मशीन मॉडल नम्बर नंबर एक्सई 2101, पीवीएन-एक्सजीबी 210 बीएचएनकेए 0887 रंग पीला को जप्त कर ग्राम कोटवार श्रीराम शंकर हाथिया पिता स्व. माना हाथिया ग्राम गुरगुंदा को सुरक्षा के लिए सौंपा गया। 15.05.24 को कोटवार ने मशीन को जप्ती स्थल पर नहीं पाये जाने पर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया और जप्तशुदा मशीन को ले जाने की सूचना पुलिस चौकी भौरा मे लिखित में दी गई। उक्त रेत उतखनित स्थल ग्राम गुरगुंदा तहसील शाहपुर तवा नदी क्षेत्र मे दिनांक 15.05.24 को राजस्व अमला शाहपुर एवं खनिज अमला बैतूल द्वारा गड्डो की माप कर रेतरू मात्रा ज्ञात की गई है। मौके पर रेतरू उत्खनन से बने तीन गड्ढे पाए गए, जिनकी नाप अनुसार रेत उत्खनित की कुल मात्रा 70808 घनमीटर होती है। मौके पर उपस्थित ग्राम कोटवार एवं ग्रामीणों द्वारा बताया गया, कि उक्त क्षेत्र पर विगत एक माह से रिंकू राठौर निवासी शाहपुर एवं अरशद कुरैशी निवासी शाहपुर द्वारा रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करवाया जाता है। जांच के समय नदी क्षेत्र के समीप चेन माउन्टेड पोकलेन मशीन का पाया जाना एवं नदी क्षेत्र मे रेत उत्खनन से बने गड्ढे पाये जाने तथा ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर खनिज रेत का अवैध उत्खनन का प्रकरण मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत तैयार किया गया है।

### थाना चोपना में भी हुआ मामला दर्ज

थाना चोपना में खनिज विभाग के खनिज निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार वशिष्ठ के आवेदन के आधार पर आरोपी अंकुर उर्फ रिंकू राठौर निवासी स्टेशन रोड शाहपुर तहसील शाहपुर जिला बैतूल, अरशद कुरैशी पिता मो.इरशाद कुरेशी निवासी स्टेशन रोड शाहपुर तहसील शाहपुर जिला बैतूल तथा जेसीबी मालिक (अज्ञात) के विरुध्द अपराध धारा 379 भादवि.एवं सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। ग्राम डेंडूपुरा तहसील शाहपुर स्थित तवा नदी क्षेत्र खसरा क्र.01 रकवा 24.479 है. एवं खसरा क्र. 7.2 रकबा 0.415 है. क्षेत्र के अंश भाग में खनिज रेत के अवैध उत्खनन ध् परिवहन ध् भण्डारण की शिकायत प्राप्त होने पर दिनांक 15.05.2024 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शाहपुर तहसीलदार शाहपुर एवं राजस्व अमला शाहपुर तथा उप संचालक (ख.प्र.) सहा. खनि. अधिकारी एवं खनि. निरीक्षक बैतूल द्वारा उक्त क्षेत्र का संयुक्त रूप से मौका निरीक्षण करने पर तवा नदी क्षेत्र में खनिज रेत के उत्खनन से निर्मित तीन नवीन गड्डे पाये गये। जिसकी माप अनुसार उत्खनित खनिज रेत की कुल मात्रा 110610 घन मीटर होना पाया गया साथ ही खसरा क्र. 7.2 रकवा 0.415 है के अंश भाग पर खनिज रेत का अवैध भण्डारण होना भी पाया गया। जिसकी मात्रा 700 घन मीटर पायी गई। उत्खनितध्भण्डारित क्षेत्र के समीप एक जेसीबी मशीन भी पाई गई, जिसका इंजन नंबर 4 एच.2152.0700537 रंग पीला है जिसे विधिवत जप्त करने की कार्यवाही की गई एवं उक्त जप्तशुदा जेसीबी मशीन को पुलिस चौकी की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। मौके पर उपस्थित ग्रामीण जनों एवं कोटवार द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि उक्त अवैध उत्खनन ध्भण्डारण कार्य रिंकू राठौर निवासी शाहपुर एवं अरशद कुरैशी निवासी शाहपुर नामक व्यक्तियों द्वारा कराया जा रहा है। जांच के समय नदी क्षेत्र के समीप जेसीबी मशीन का पाया जाना, नदी क्षेत्र में रेत उत्खनन से बने गड्ढे निर्मित पाये जाने तथा ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर खनिज रेत का अवैध उत्खननध्भण्डारण का प्रकरण मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत तैयार किया गया है। अतरू उपरोक्तानुसार अवैध उत्खननकर्ता अंकुर उर्फ रिंकू राठौर निवासी स्टेशन रोड शाहपुर तहसील शाहपुर जिला बैतूल अरशद कुरैशी पिता मो. इरशाद कुरैशी निवासी स्टेशन रोड शाहपुर तहसील शाहपुर जिला बैतूल और जेसीबी मालिक (अज्ञात) के विरूध्द अपराध दर्ज किया जाए।

### महेंद्र, दीपेश और रविंद्र भी नामजद, पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी

थाना चोपना में खनिज विभाग के खनिज निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार वाशिष्ठ बैतूल द्वारा दिए आवेदन के आधार पर आरोपी महेन्द्र धाकड़ पिता सदाशिव धाकड़ निवासी ग्राम मांडवी तहसील आठनेर जिला बैतूल, दिपेश पटेल और रविन्द्र चौहान के विरुध्द अपराध धारा 379 भादवि. एवं सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधि. की धारा 3 का अपराध पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आवेदन में उल्लेख है कि ग्राम धासईमाल तहसील शाहपुर स्थित तवा नदी क्षेत्र खसरा क्र. 01 रकबा 6.738 हे. क्षेत्र के आंशिक भाग में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की शिकायत प्राप्त होने पर दिनांक 14.05.2024 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शाहपुर तहसीलदार शाहपुर एवं राजस्व अमला शाहपुर तथा उप संचालक (स.प्र.) सहा. खनि. अधिकारी एवं खनि. निरीक्षक बैतूल द्वारा उक्त क्षेत्र का संयुक्त रूप से मौका निरीक्षण करने पर तवा नदी क्षेत्र में खनिज रेत के उत्खनन से निर्मित दो नवीन गड्ढे पाये गये। जिसकी माप अनुसार उत्खनित खनिज रेत की कुल मात्रा 252 घन मीटर होना पाया गया। उत्खनित क्षेत्र के समीप एक चौन माउन्टेड पोकलेन मशीन पीले रंग माडल नंवर ईएक्स 210 एलसी सुपर एसएनओ.एसपी 2161071 भी अवैध उत्खनन कर्ता द्वारा जांच दल के आने की सूचना प्राप्त होने पर मौके पर मशीन छोड़कर भाग निकले। जिसे विधिवत जप्त करने की कार्यवाही की गई। दिनांक 15.05.2024 को उक्त जप्तशुदा पोकलेन मशीन को ट्राले की व्यवस्था पर पुलिस चौकी भौरा की अभिरक्षा में रखे जाने हेतु मौके से रवाना किया गया। किन्तु ग्राम डोढरामोहार के समीप स्थित रेल्वे अंडर ब्रीज पार करते समय पोकलेन मशीन का हाईड्रोलिक पम्प ब्रीज में टकराने के कारण तकनीकी खराबी आ जाने से उक्त जप्त शुदा मशीन को मशीन के मालिक महेन्द्र धाकड़ पिता सदाशिव धाकड़ निवासी मांडवी तहसील आठनेर जिला बैतूल की सुपुर्दगी में दिया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणजनों एवं ग्राम कोटवार द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि उक्त अवैध उत्खनन कार्य दीपेश पटेल एवं रविन्द्र चौहान नामक व्यक्तियों द्वारा कराया जा रहा है। जांच के समय नदी क्षेत्र के समीप चेनमाउन्टेड पोकलेन मशीन का पाया जाना, नदी क्षेत्र में रेत उत्खनन से बने गड्ढे निर्मित पाये जाने तथा ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर खनिज रेत का अवैध उत्खनन प्रकरण मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत तैयार किया गया है। पुलिस ने अवैध उत्खननकर्ता महेन्द्र धाकड़ पिता सदाशिव धाकड़ निवासी ग्राम मांडवी तहसील आठनेर जिला बैतूल, दीपेश पटेल और रविन्द्र चौहान के विरूध्द मामला दर्ज किया गया है।

---

## टेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

**बैतूल।** ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस युवक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। घटना मलकापुर और बैतूल के बीच की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह रेलवे द्वारा गंज पुलिस को सूचना दी गई की मलकापुर और बैतूल के बीच स्थित अपरोड किलोमीटर857.17-15 पर किसी अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर गंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा कर जिला अस्पताल लाया जहां पर पोस्टमार्टम कर शव फीजर में रख दिया गया है। पुलिस मृतक के परिजनों की तलाश कर रही है। मृतक युवक ने सफेद चेक की शर्ट और सफेद पेंट पहना हुआ था। जिसके पास से कोई डॉक्यूमेंट नहीं मिला है। ट्रेन की चपेट में आने से युवक का सीधा हाथ और सीधे पैर का पंजाह्न शरीर से अलग हो गया है। फिलहाल मृतक के शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम का शव फ्रीजर में रख दिया गया है। पुलिस परिजनों की तलाश कर रही है। वही युवक की ट्रेन से गिरने से या फिर ट्रेन की टक्कर से मौत हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## ऑटो ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल, एक गंभीर



**मुलताई।** ग्राम पारेगांव में एक दुर्घटना में दो दुर्घटना हुई है पहले ऑटो ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और फिर मोटरसाइकिल ने दूसरी मोटरसाइकिल को टक्कर मारी जिसमें तीन लोग घायल हो गए जिसमें एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पारेगांव की है जहां अपनी बाइक से मुलताई से राय आमला जा रहे मयूर पुत्र नामदेव साबले उम्र 30 वर्ष निवासी राय आमला, करण पुत्र विद्या शंकर माकोडे 24 वर्ष निवासी राय आमला को तेज रफ़्तार ऑटो ने टक्कर मार दी बाइक को टक्कर लगने के बाद बाइक एक अन्य बाइक से और टकरा गई जिसके चलते दोनों युवक घायल हो गए और उन्हें मुलताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया परंतु गंभीर चोटे होने के चलते उन्हें बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया देर रात 108 एंबुलेंस एवं प्राइवेट वाहन की सहायता से दोनों घायलों को बैतूल जिला चिकित्सालय लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है दोनों घायलों में से मयूर को गंभीर चोटे आई और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है डॉक्टर के अनुसार उसे आगे के उपचार के लिए रेफर किया जा रहा है फिलहाल दोनों घायलों को बैतूल जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है।

## ताप्ती तट पर चार युवकों ने एक युवक को पीटा, जख्मी युवक पहुंचा थाने



**मुलताई।** नगर के ताप्ती तट पर पुरानी रंजिश के चलते रात 4 युवकों द्वारा एक युवक के साथ की गई मारपीट, पुलिस थाने में की शिकायत मुलताई नगर के ताप्ती तट पर बीती देर रात 4 युवकों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया। जिसमें घायल युवक ने बीती देर रात ही मुलताई नगर के पुलिस थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी है। जिसके बाद उसका मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार मुकेश निवासी मुलताई के साथ नगर के कुछ युवकों द्वारा पुरानी रंजिश के चलते मारपीट की गई। जिससे उसके सीने पर और गले में चोट आई है। इसके बाद उसने अपने भाई के साथ मुलताई पुलिस थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी और सरकारी अस्पताल पहुंचकर अपना प्राथमिक उपचार करवाया। इस संबंध में मुकेश ने दी जानकारी।

---

## चार दिन पहले भोपाल निकले वृद्ध लापता, परिजन हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले के आमला नगर के निवासी एक 60 वर्षीय बुजुर्ग 4 दिन पहले भोपाल के लिए ट्रेन से निकले थे। उसके बाद से उनका कोई पता नहीं है। उनके मोबाइल पर भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। इसके चलते उनके परिजन परेशान हो रहे हैं और खासे चिंतित हैं। आमला नगर के वार्ड नंबर 01 सोनी मोहल्ला निवासी पूरनलाल साहू (60) विगत 13 मई 2024 को भोपाल के लिए रवाना हुए थे। उनके परिजनों ने बताया कि वे इंदौर-नागपुर ट्रेन से निकले थे। उन्हें आंखों का इलाज कराने के लिए हमीदिया हॉस्पिटल, भोपाल जाना था। परिजनों के अनुसार वे न तो भोपाल के अस्पताल पहुंचे और न ही आज तक वापस घर लौटे हैं। इस बीच न तो उनकी ओर से कॉल आया और न ही परिजन संपर्क कर रहे हैं तो उनके मोबाइल पर ही कोई संपर्क हो पा रहा है। परिजनों के अनुसार वे सभी जगह उनका पता लगा चुके हैं पर उनकी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। उन्होंने अपील की है कि यदि श्री साहू के बारे में किसी को भी जानकारी हो तो वे मोबाइल नंबर 8962487028 या 7587601183 जरुर प्रदान करें।

## पति को चाकू मारकर पत्नी से की मारपीट

**बैतूल।** एक व्यक्ति ने पति को चाकू मारकर पत्नी से भी मारपीट की है। घायल पति को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवारी गांव की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीवान इवने उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम सोमवारी थाना गंज दीवान बुधवार रात 11 से 12 के करीब अपने घर से बाहर निकाला। उसी समय गांव के ही व्यक्त श्यामलाल इवने ने उसे पर अचानक ही हमला कर दिया और चाकू से पीठ पर दो जगह वार कर दिए जिसमें दीवान इवने गंभीर रूप से घायल हो गया। चिल्लाने की आवाज सुनते ही दीवान की पत्नी भी घर से बाहर निकली तो श्यामलाल ने उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट कर दी। घटना के बाद परिजनों ने इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी तभी सूचना पर एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है। फिलहाल घायल को जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया गया है जहां पर डॉक्टरों द्वारा घायल का उपचार किया जा रहा है।

दो आरोपियों पर पुलिस ने किया केस दर्ज

## ग्रामीणों ने पकड़ी गौवंश से भरी पिकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ग्राम बोरदेही के कमलेश्वर रोड पर स्थित रेलवे पुलिया के पास मंगलवार की रात गौवंश भरकर महाराष्ट्र के कत्लखाने की ओर जा रही एक पिकअप ग्रामीणों द्वारा पकडकर थाने लाकर पुलिस के हवाले की है। पुलिस द्वारा इस मामले में 2 गौवंश तस्करों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया बोरदेही निवासी कन्हैया पिता सुरेश तेलगें ने थाने में रिपोर्ट लिखाई बीते 14 मई की रात्रि करीब साढ़े 8 बजे रेलवे पुलिया कमलेश्वर



रोड पर एक पिकअप गौवंश भरकर महाराष्ट्र के कत्लखाने की ओर जा रही थी। पिकअप का पीछे का गेट उठाकर देखा तो पिकअप के अन्दर ठुस ठुस कर गौवंश मुहं एवं पैर रस्सी से बंधे हुए थे । वही गौवंश एक के ऊपर एक लदे हुए थे । वहां उपस्थित ग्रामीणों द्वारा पिकअप को थाने लाकर पुलिस को सौंपा है। पिकअप में 5 गौवंश क्रुरता पुर्वक भरे हुए थे। पुलिस द्वारा गौवंश सहित पिकअप जप्त कर आरोपी कन्हैया पिता गुरु प्रसाद यदुवंशी निवासी रोरा ढोकनी थाना नवेगांव जिला छिंदवाड़ा एवं छबीराम पिता नौखेलाल यदुवंशी निवासी बोचन वाडी थाना नवेगांव जिला छिंदवाड़ा के खिलाफ गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम एवं कृषि पशु संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

---

## बाग-बगीचों में कार्यरत श्रमिकों की शोषण के मामले में कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सतपुडा प्लांट के बाग बगीचों में कार्यरत श्रमिको के शोषण के मामले में भारतीय मजदूर संघ द्वारा श्रमिकों के हित में एवं रिटायर्ड अधिकारी डीएस तोमर द्वारा रिटायर होने के बावजूद भी बाग बगीचों में दखल देकर श्रमिकों का शोषण करने एवं पिछले तीन वर्षों से बगीचों में कार्यरत श्रमिकों को पीएफ एवं पूर्ण वेतनमान न दिए जाने के संबंध में लिखित शिकायत की गई।



भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख विनय डोंगरे ने बताया कि सतपुड़ा प्लांट के बगीचों में श्रमिकों के शोषण का मामला पिछले कई समय से चर्चा में रहा है कई बैठक और आवेदन निवेदन के पश्चात भी इन श्रमिकों के शोषण के मामले में समाधान नहीं हुआ और रिटायर्ड अधिकारी तोमर द्वारा अभी भी सुपरवाइजर शंभू को निर्देशित कर काम बताया जाता है और सुपरवाइजर द्वारा बाग बगीचे में कार्यरत श्रमिकों से तोमर के निर्देशानुसार ही कार्य लिया जाता है मगर उन्हें उनके कार्य के अनुरूप वेतनमान अभी भी नहीं दिया जा रहा है एवं बगीचों में कार्यरत श्रमिकों से बगीचों के अलावा अन्य दूसरे कार्य भी कराए जाते हैं। साथ ही प्राप्त जानकारी के अनुसार रिटायर्ड अधिकारी पर बगीचों में कार्यरत श्रमिकों द्वारा शोषण एवं श्रमिकों से अभद्र व्यवहार करने के कारण इनके खिलाफ सारणी थाने में श्रमिकों द्वारा 27.10.2023 को लिखित आवेदन दिया गया जिसमें जांच प्रक्रिया में है साथ ही सारणी वन विभाग में भी इनके खिलाफ 23.8.2022 को सागौन चोरी का मामला दर्ज है। इन्हीं सब गंभीर विषयों को लेकर जिला कलेक्टर को पत्र सौंपा गया।

## वन्य प्राणी सांभर का शिकार करने वाले आरोपी को दो वर्ष का कठोर कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मप्र वन्य प्राणी सांभर का शिकार करने वाले आरोपी को 2 वर्ष का कठोर कारावास और पांच हजार के जुर्माने से न्यायालय ने दंडित किया है। वन्य प्राणी सांभर का शिकार करने वाले आरोपी बस्तीराम पिता प्यारे, उम्र-30 वर्ष, निवासी-पाहावाड़ी, थाना आमला, जिला-बैतूल को धारा 9,51,52 वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के अपराध का दोषी पाते हुए 02 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5,000रू. के जुर्माना से दण्डित किया गया। प्रकरण में मप्र.शासन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अजीत सिंह द्वारा पैरवी की गई। दरअसल घटना दिनांक 10-02-2017 को वन परिक्षेत्र रानीपुर को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम साजपुर में वन्य प्राणी का शिकार किया गया है, मुखबिर सूचना के आधार पर दल गठित कर वन अमला साजपुर निवासी लच्छु के घर पहुंचा, लच्छु के घर से खून से सनी बेसा सहित कुल्हाड़ी जप्त की गयी, मौके



की कार्यवाही का पंचनामा बनाया गया। लच्छु ने पूछताछ में बताया कि उसने साथी बस्तीराम तथा बिसौरी के साथ मिलकर वन्य प्राणी सांभर का शिकार किया था स कुल्हाड़ी से सांभर का मांस काटकर पकाने के उद्देष्य से लेकर आये है। लच्छु के बताने पर वन अमला बस्तीराम के घर पहुंचा, बस्तीराम उसके घर में चूल्हे के पास बैठा गंजी में मांस पका रहा था और कुछ पका हुआ मांस स्टील की थाली में रखा हुआ था, मौके पर गंजी व स्टील की थाली में रखे मांस को थाली सहित जप्त कर जप्तीनामा बनाया गया। इसके बाद वन अमला बिसौरी के घर पहुंचा, बिसौरी के घर में थाली में पका हुआ मांस पाया गया था, जिसे जप्त कर जप्तीनामा और मौका पंचनामा बनाया गया। आरोपीगण की निषादेही पर वन्य प्राणी सांभर के षिकार किये गये स्थान चौकीनदी आमनाला जाकर घटना स्थल की तस्दीक की गयी। घटना स्थल पर खून लगा पत्थर, अंतड़ी एवं वन्य प्राणी सांभर के बाल पाये गये, जिन्हें जप्ती कर जप्तीनामा बनाया गया। जप्तशुदा मांस को परीक्षण हेतु फॉरेंसिक लैब जबलपुर भेजा गया था, मांस परीक्षण रिपोर्ट में जप्तशुदा मांस वन्यजीव सांभर का होना पाया गया। जरूरी अनुसंधान उपरांत परिवाद विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। वितरण के दौरान अभियोजन ने अपना मामला युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित किया, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध पाकर दंडित किया गया। प्रकरण में आरोपी लच्छू के विरूद्ध निर्णय दिनांक 30-11-2023 को निर्णय पारित कर दोषसिद्ध किया जा चुका है। प्रकरण में आरोपी बिसौरी वर्तमान में फरार होने से उसके विरूद्ध निर्णय पारित नहीं किया गया है।

आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण में लापरवाही बरतने पर जारी किए गए नोटिस

# संयुक्त संचालक पहुंचे आंगनवाड़ी केंद्रों में, जांच कर दिए गए निर्देश

शहर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों का शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक एचके शर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जानकारी प्राप्त की।

हरिभूमि न्यूज ⏭नर्मदापुरम

संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम एचके शर्मा ने शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना नर्मदापुरम शहरी में संचालित विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। संयुक्त संचालक ने वार्ड 16 मे संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र 2 एवं 3, वार्ड 15 में संचालित केन्द्र क्रमांक 1 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन एवं हितग्राहियों को प्रदाय की जा रही आईसीडीएस की सेवाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी ली गई। उन्होंने मई मह में आयोजित किये गये शारीरिक माप अभियान का भी अवलोकन किया। आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित बच्चों का रेण्डम आधार पर समक्ष में वजन एवं ऊंचाई ली जाकर शारीरिक माप लिया गया तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण ट्रेकर एप में दर्ज बच्चों के वजन 7 एवं ऊंचाई का सत्यापन भी किया गया। उन्होंने बच्चो का सही सही शारीरिक माप लेने तथा शुद्ध व सटीक आंकड़े पोषण ट्रेकर एप में दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कुपोषित बच्चो पर विशेष निगरानी रखने, आवश्यक उपचार कराने तथा पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका को नियमित रूप से समय पर आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने एवं बच्चों को निर्धारित मेन्यू अनुसार समय पर गर्म ताजा पका नाश्ता, भोजन निर्धारित समय पर प्रदाय करन के निर्देश दिए।



# संस्कृति की सुरक्षा के लिए परमात्मा ने लिया श्री कृष्ण अवतार: विश्व स्वरूपानंद

## शहर में सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭इटारसी



मानव सहित संसार सागर की समस्त जीवात्माओं के सुचारू जीपोर्जन के लिए परब्रह्म परमात्मा ने एक नियमावली बनाई। जिसे सनातन संस्कृति के रूप में स्थापित किया गया लेकिन द्वापर युग में जब यह सनातन संस्कृति क्षीण होने लगी तो उसकी सुरक्षा के लिए परमात्मा ने श्री कृष्ण अवतार धारण किया। उक्त उद्गार राष्ट्र संत विश्व स्वरूपानंद गिरि महाराज ने इटारसी में व्यक्त किये। जगद्गुरु आदि शंकराचार्य के अनुयाई ब्रह्मलीन सुंदर गिरी महाराज की पावन स्मृति में शंकराचार्य समुदाय द्वारा श्री वृंदावन गार्डन में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के चतुर्थ दिवस में उपस्थित श्रोताओं के समक्ष स्वामी स्वरूपानंद ने श्री कृष्ण जन्म प्रसंग का संगीतमय एवं आध्यात्मिक वर्णन करते हुए कहा कि रामराज वाले त्रेता युग संपन्न होने के पश्चात जब द्वापर युग प्रारंभ हुआ, तभी परमात्मा ने जान लिया था कि इस युग में कंस वध दुर्योधन जैसे आसुरी प्रवृत्ति के सत्ता संचालक होंगे।

जो अपनी असत्य कामनाओं को पूर्ण करने के लिए सत्य रूपी सनातन संस्कृति को नष्ट करने का कार्य करेंगे। अतः इनका अंत उन्हीं की कुनितियों से करने के लिए ही परमात्मा ने श्री कृष्ण के रूप में लीला अवतार धारण किया इसके साथ ही स्वामी ने श्रीमद् भागवत जी के माध्यम से समुद्र मंथन सहित अन्य प्रसंगों का भी भक्तिमय वर्णन किया। चतुर्थ दिवस की कथा का मुख्य आकर्षण रहा श्री कृष्ण जन्मोत्सव जो सुंदर चलचित्र झांकी के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मधुर भजन भी प्रस्तुत किए गए।

# 16 प्रकार से संत भूरा भगत का हुआ अभिषेक, पूजन और प्रसादी वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कतिया समाज के द्वारा उनके आराध्य संत भूरा भगत का एक सप्ताह से जन्मोत्सव मनाने के कार्यक्रम आयोजन किया जा रहे थे। जिसका समापन 17 तारीख को किया गया इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गायक ठाकुर दास नागवंशी के द्वारा स पत्नी ममता नागवंशी के साथ संत भूरा भगत का 16 प्रकार से पूजन किया गया तथा उनका अभिषेक किया गया उसके पश्चात विधानसभा स्तरीय शोभायात्रा ने निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में कतिया समाज के युवक महिला पुरुषों एवं अनेक लोगों ने परिवार सहित भाग लिया। मुख्य रूप से संत भूरा भगत की मूर्ति स्थापित की गई तथा उसी के साथ सूत कातते हुए झांकी की भी सजाई गई।

पुरानी गल्ला मंडी से लेकर मंगलवार चौराहा तक विशेष शोभा यात्रा निकाली गई के साथ नगर के प्रमुख मार्ग से संत भूरा भगत की



शोभा यात्रा कतिया भवन पहुंची वहां पर फिर सभी सामाजिक लोगों के द्वारा अभिषेक पूजन किया गया उसके पश्चात सामाजिक प्रतिभाओं का भी स्वागत सम्मान करते हुए समाज के सभी जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से विधायक ठाकुरदास नागवंशी जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे, जिला पंचायत सदस्य ब्रजकिशोर पटारिया, राजकुमारी, जालम सिंह नागवंशी, सरपंच सलवारा राधा दीपक बेलवंशी, सरपंच खेड़ा कमल बान, सरपंच मोकलवाडा जितेंद्र नागवंशी, सरपंच रिछैडा दिलीप सिंगारे, सरपंच दहलवाड़ा ममता नागवंशी, मनोज नगोत्र, गीता नगोत्र, धर्मेंद्र नागवंशी, राकेश सोनवंशी, वीपी जावरे, राजेश, वीरेंद्र बेलवंशी, दिनेश ढाकरिया सहित कतिया समाज के तमाम लोग शामिल रहे। वहीं पर भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी एवं तमाम भारतीय जनता पार्टी एवं अखिल भारती राष्ट्रीय कांग्रेस के जल प्रतिनिधि शामिल हुए सभी की उपस्थिति में नगर भोज का आयोजन किया गया कक्षा 10वीं एवं 12वीं की सम्मान किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र वितरण किए गए यह पहला मौका रहा जब संत का भूरा भगत की प्रतिमा को भी झांकी में शामिल किया गया।

# सीएम राइज़ विद्यालय के छात्रों को दी जा रही है ऑन द जाब ट्रेनिंग

## 20 दिवीय नवीन व्यवसायिक शिक्षा प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭पचमढ़ी

विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ रोजगार प्राप्त करने के लिए शासन द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शुक्रवार को सीएम राइज़ विद्यालय में नवीन व्यवसाय शिक्षा के तहत संचालित ट्रेड आईटी और रिटेल के छात्रों को 20 दिन का ऑन द जॉब ट्रेनिंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे छात्रों को व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने के बाद स्वयं का व्यवसाय और स्टार्टअप शुरू कर सके प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय के प्राचार्य मनीष गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण संस्था पचमढ़ी ट्राईबल आर्ट्स का निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया कि छात्र नियमित रूप से प्रशिक्षण ले रहे हैं प्रशिक्षण संस्था की प्रमुख प्रियंका जायसवाल द्वारा प्रशिक्षण के दौरान बताया कि खरीदी, बिक्री ,मार्केटिंग ,रिटेल मैनेजमेंट ,बिलिंग ,स्टोर कीपिंग आदि रिटेल मार्केटिंग की बारीकियों को समझा रहे हैं वी.टी. श्रीमती अंकिता साहू



(आईटी) और धर्मेंद्र पांसे( रिटेल) द्वारा बताया गया कि इस बार 2 वर्ष का कोर्स पूरा कर चुके छात्रों को बीते 1 मई से 20 मई तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके और जिससे छात्रों के प्रशिक्षण से छात्रों का ट्रेड संबंधित मैनेजमेंट को सीख कर स्वयं का स्टार्टअप शुरू कर सके और वहां कोई भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान को दक्षता के साथ शुरू कर सके।

# आरएसएस के स्वयं सेवक राजगढ़ रवाना

## 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास के लिए राजगढ़ में आयोजित 15 दिवसीय प्रथम वर्ष के प्रशिक्षण वर्ग हेतु नगर के यश सोनी को स्थानीय कार्यकर्ताओं ने रवाना किया इस अवसर पर संदीप माहेश्वरी सतपाल सिंह राजपूत प्रियांशु गोस्वामी रमन साहू निहाल पांडे एवं चंद्रशेखर पटेल उपस्थित थे।

# रोजगारोन्मुखी योजना से 2 हितग्राही लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ⏭नर्मदापुरम

सरकार द्वारा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने की मंशा से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक मालाखेड़ी से गौरव ठाकुर निवासी बाबई रोड नर्मदापुरम को इलेक्ट्रिक बाइक स्कूटर शो रूम के लिए 10 लाख 10 हजार रूपए एवं सेंट्रल बैंक आफ इंडिया बनखेड़ी से वार्ड नंबर 13 अस्पताल रोड बनखेड़ी निवासी आनंद ठाकुर को जनरल स्टोर्स खोलने के लिए 7 लाख रूपए की ऋण राशि स्वीकृत की गई है। सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग तथा शाखा प्रबंधक मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम नर्मदापुरम संजय द्विवेदी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि हितग्राहियों को विभाग द्वारा संचालित रोजगारोन्मुखी योजना भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना वर्ष 2023-24 में लाभान्वित किया गया है। बताया गया है कि हितग्राही द्वय को उपलब्ध कराई गई ऋण राशि पर शासन द्वारा 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 7 वर्षो तक प्रदान किया जाएगा। लाभान्वित हितग्राही गौरव ठाकुर ने बताया है कि उनके द्वारा स्थापित इलेक्ट्रिक बाइक स्कूटर शो रूम का व्यवसाय सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है, उन्हें प्रतिमाह लगभग 25 हजार की आय हो रही है। इसी तरह से लाभान्वित हितग्राही आनंद ठाकुर ने बताया है कि उनके द्वारा संचालित किराना दुकान सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है और उन्हें प्रतिमाह लगभग 20 हजार रुपए की आय हो रही है।

# मप्र राज्य बॉक्सिंग खिलाड़ियों का चयन

## 24 मई से 11 जून तक होगी चयन प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭नर्मदापुरम



मध्यप्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी भोपाल के नर्मदापुरम जिले के खिलाड़ियों का वर्ष 24-25 के लिए प्रतिभा चयन कार्यक्रम का आयोजन 24 मई से 11 जून 2024 निर्धारित तिथियों में जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, इंदौर एवं भोपाल में किया जाएगा। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी नर्मदापुरम ने तदाशय की जानकारी देते हुए बताया है कि चयन प्रक्रिया के लिए मापदंड निर्धारित है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से संपर्क कर अथवा मुख्य प्रशिक्षक रोशनलाल के मोबाइल नंबर 9893990581 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। प्रतिभा चयन का आयोजन जबलपुर में 24 मई, ग्वालियर में 27 मई, उज्जैन / बड़नगर में 5 जून, इंदौर में 6 जून एवं भोपाल में 10 एवं 11 जून को होगा। प्रतिभा चयन में वर्ष 2006 एवं 2007 के जन्मतिथियों के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।

### यादव समाज की बैठक कल, भवन में निर्माण कार्यों पर चर्चा होगी

**इटारसी।** श्रीकृष्ण यादव समाज कल्याण समिति द्वारा सर्व यादव समाज की महिला-पुरुष एवं युवाओं की संयुक्त बैठक 19 मई रविवार को दोपहर पश्चात 4 बजे से श्री यादव भवन पर आयोजित की जाएगी। इस संबंध में श्रीकृष्ण यादव समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष आरके यादव ने बताया कि बैठक में यदुजनों से कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा। इस दौरान मासिक आय-व्यय पर चर्चा की जाएगी।

वहीं श्री यादव भवन में नवनिर्माण व सुधार कार्यों पर भी चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही आगामी कार्यक्रम 26 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व के भव्य आयोजन पर चर्चा की जाएगी। बैठक में उपस्थित यदुजन द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर चर्चा। समिति अध्यक्ष आरके यादव ने समस्त यदुजनों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

# शहर के सर्वोदय विद्यापीठ स्कूल के बच्चे हुए स्मार्ट वॉच से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

नेशनल लेवल एक्टिविटी जूनियर एडिटर से 7 प्रतियोगिता में पिपरिया विकासखंड के तथा नर्मदा पुरम जिले के 1200 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमें पिपरिया के सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल से विजेताओं को स्मार्ट वॉच में सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। सर्वोदय विद्यापीठ के प्राचार्य भगवती प्रसाद तिवारी ने बताया कि कैटेगरी के अनुसार पुरस्कारों का वितरण किया गया जिसमें सर्वोदय विद्यापीठ की छात्रा एक क्रांतिकारी में शिवांश नागवंशी बीकेटी गिरी में पार्वती अहिरवार सी कैटेगरी में आकृति पटेल दी कैटेगरी में अंकित राय पुरस्कृत हुए। इस दौरान सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल के



संचालक आनंद प्रकाश शर्मा भी मौके पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन एक दैनिक समाचार पत्र के द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें स्कूल से शशि मालवीय रोशनी बात रे सहित शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे चयनित सभी छात्रों के स्मार्ट वॉच वह सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया सम्मान को प्रकार सभी बच्चे काफी उत्साहित रहे और इन बच्चों में से स्टेट लेवल पर नेशनल लेवल पुरस्कार के लिए भी चयन किया जावेगा। याद रहे की सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकंडरी स्कूल के संचालक लगातार बच्चों एवं अपनी शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित करते हैं तथा पुरुष साहित्य करते हैं जिससे कि उनका मनोबल और बढ़ता रहे 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में भी स्कूल का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा।

## सीवन उद्धार समिति ने नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

# जीवनदायिनी सीवन की हो सफाई व गहरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

सीवन नदी सीहोर की जीवन दायिनी है, जो कि इस समय पूरी तरह से सुख चुकी है चद्दर पुल से लेकर इलाही माता, हनुमान फाटक कस्बा सीहोर के मध्य मिट्टी के बड़े बड़े टीले बन चुके है, इस क्षेत्र में असीमित मिट्टी का जमावड़ा लगा हुआ है, सीवन नदी का गहरीकरण एवं सफाई को लेकर सीवन उद्धार समिति के सदस्यों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि नगर के बीचो-बीच स्थित सीवन नदी का गहरीकरण व पूर्णरूप से सफाई की जावे ताकि बारिस के समय नदी में पानी का स्टोरेज हो सके। ज्ञातव्य है कि कस्बा क्षेत्र में पार्वती नल लाइन बहुत पुरानी हो चुकी है पूरा कस्बा निजी एवं सरकारी बोर पर निर्भर है और इन्ही बोरों से अन्य क्षेत्र के लोग पानी ले जाते है और ये बोर इसी नदी से रिचार्ज होते है। यदि नदी का पूर्ण रूप से गहरीकरण होंगा तो नगर सभी बोर रिचार्ज



होंगे एवं पर्याप्त मात्रा में नदी में पानी रहेगा, इस विषय को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर को मांग पत्र सभी के हस्ताक्षर सहित सौंपा गया। जिस पर नपाध्यक्ष ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जावेगा। इसी को लेकर स्थानीय हनुमान फाटक धाम पर सीवन उद्धार समिति की बैठक भी आयोजित की गई थी और गुरुवार को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रमुख यप से सुधीर सिंह ठाकुर, महिपाल जैन, सुदीप व्यास, सीताराम यादव, शुभम कान्हा सोनी, अश्विन नामदेव, प्रदीप चावड़ा, आकाश माथुर, मनमोहन यादव, सेवा यादव, रोहित भावसार (बाबा), अंकित भावसार, प्रकाश यादव, धन्ना लाल राय, गुलाब मालवीय, आकाश माथुर, गीतार्थ भावसार, दीपेश राय, सोम यादव, अर्पित खत्री, राजेश पहलवान, अशोक भारती, अमन सोनवाने, अंशुल भावसार, नितेश जोशी, अप्पू व्यास, पप्पू तिवारी, दीनू राजपूत आदि उपस्थित थे ।

# जिले में सर्वाधिक मतदान कराने पर कलेक्टर सहित जिला प्रशासनिक अधिकारियों का किया सम्मान

**सीहोर।** सीहोर जिले के ग्राम चंदेरी के किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने मिलकर अपनी खेती में काम करने वाले हल को कलेक्टर सीहोर एवं निर्वाचन अधिकारी को बैठकर साफा बांधकर फूल माला से स्वागत किया। प्रशासनिक अधिकारियों व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा द्वारा विगत 15 दिन से लोकसभा चुनाव में जिले सीहोर में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अनोखे तरीके के अभियान चलाया जा रहे थे।



मतदाता को जागरूक किया जा रहा था कहीं बैलगाड़ी से रैली निकालकर, कहीं किसानों के द्वारा गीत भजन गाकर, रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया, जिसका परिणाम यह रहा कि जिला सीहोर का मतदान प्रतिशत में नंबर वन रहा है। इस मौके पर ग्राम चंदेरी के गोपाल सिंह, करण सिंह, ज्ञान सिंह, शेर सिंह, रामप्रसाद, राजमल, जसवंत सिंह, नारायण सिंह, नरेश मेवाड़ा, राजू मेवाड़ा एवं ग्राम रामाखेड़ी के मोतीलाल, केशरी लाल, ग्राम छापरी के बने सिंह, दुर्गा प्रसाद सहित ऐसे दर्जनों किसानों ने मिलकर सीहोर जिले के कलेक्टर सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों का स्वागत सम्मान किया। कलेक्टर सीहोर प्रवीण कुमार सिंह एवं अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह द्वारा भी ग्रामीण किसानों को हरफूल माला से स्वागत किया।

समाजसेवी मेवाड़ा द्वारा सभी जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी निर्वाचन अधिकारी कर्मचारी एवं सभी पत्रकार बंधु, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया एवं मतदाता भाई बहनों का जिले में अधिक से अधिक मतदान करने में जो योगदान किया गया, इसको लेकर सभी का स्वागत सम्मान कर उनके प्रति धन्यवाद व्यक्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### शादीशुदा महिला ने सल्फास खाकर दी जान

**हरदा।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाली एक शादीशुदा महिला ने सल्फॉस खाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के मुताबिक शहर की माहेश्वरी धर्मशाला के पास अपने पति के साथ किराए के मकान में रहने वाली 28 वर्षीय महिला ने बीती रात को सल्फॉस का सेवन कर लिया था। जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसके बयान होने के बाद उसे भोपाल के लिए रेफर किया गया था। जहां शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतिका ने किसी युवक की प्रताड़ना से परेशान होकर यह कदम उठाया है।

### बियर बोतल के कांच से युवक घायल

**हरदा।** खातेगांव के डाकबंगला मैदान के पास शुक्रवार सुबह 11:45 बजे एक युवक शर्ट के अंदर रखकर बियर की बोतल लेकर जा रहा था। इस दौरान बोतल फट गई। कांच के टुकड़े पेट में घुसने से युवक घायल हो गया। आसपास मौजूद लोग युवक को पास के ही एक निजी डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने पुलिस केस बताकर वहां मौजूद लोगों को सरकारी अस्पताल ले जाने के लिए कहा। इसके बाद युवक को सरकारी अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को हरदा रेफर कर दिया। युवक का नाम शुभम पिता रामकृष्ण (30) है। डॉक्टर शैलेंद्र ने बताया कि यह केस रोड ट्राफिक का है। युवक के पेट के नीचे बाएं तरफ बियर की बोतल के कांच के टुकड़े लगे थे। तत्काल युवक का प्राथमिक उपचार और टांके लगाकर उसे हरदा रेफर किया गया है। सोनोग्राफी और सिटी स्कैन होने के बाद पता लगेगा कि युवक को कोई अंदरूनी चोट आई है या नहीं।

### 31 को मनाई जाएगी होलकर जयंती

**हरदा।** धनगर युवा सेना के तत्वावधान में देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती 31 मई को मनाई जाएगी। तैयारी को लेकर गुरुवार को मांगरूल में अमरचंद धनगर के निवास पर बैठक हुई। प्रदेश संगठन मंत्री प्रभुदयाल धनगर ने बताया सामाजिक बंधुओं से जयंती मनाने रूपरेखा तैयार करने विचार विमर्श किया। प्रदेश महामंत्री दुर्गेश धनगर ने बताया हरदा जिला और खातेगांव तहसील के संयुक्त तत्वावधान में खातेगांव तहसील के अजनास गांव से वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली खातेगांव, संदलपुर होते हुए नेमावर पहुंचेगी जहां धनगर समाज की धर्मशाला में कार्यक्रम होगा। बैठक में पूर्व सरपंच रामविलास धनगर, अमरचंद धनगर, लक्ष्मी नारायण धनगर, भूरू पटेल, मन्नू लाल धनगर आदि उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर देवी अहिल्याबाई की जयंती के दिन अवकाश घोषित करने की मांग रखी जाएगी। जयंती के दिन शाम को मांगरूल में राजल बाबा चौक पर देवी अहिल्याबाई की जयंती मनाई जाएगी। जिसमें हरदा जिले सहित अन्य जगह से भी लोग शामिल होंगे।

### हंडिया शाखा नहर का ओसराबंदी कार्यक्रम जारी

**हरदा।** कार्यपालन यंत्री जल संसाधन हंडिया शाखा नहर सोनम वाजपेयी ने बताया कि 18 मई से 24 घंटे की ओसरा बंदी का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 6 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक प्रत्येक शनिवार, सोमवार व बुधवार 16610 मी. से 32400 मी तक की समस्त नहरें बंद रहेगी। प्रत्येक रविवार, मंगलवार व गुरुवार को 0 मी. से 16610 मी तक की समस्त नहरे बंद रहेगी। प्रत्येक शुक्रवार को 32400 मी से 40000 मी. तक की समस्त नहरे बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि 5 क्यूसेक से छोटी नहरें शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि बिना अनुमति एवं अग्रिम राशि जमा किये बगैर सिंचाई पंप नहीं चलावे जाएं। ट्रैक्टर चलित एवं 10 एचपी से अधिक क्षमता के पंप नहीं चलेंगे। डिफाल्टर किसानों के द्वारा सिंचाई राजस्व राशि जमा न करने की स्थिति में सायफन्न अथवा पंप बंद करने की कार्यवाही की जावेगी। पानी की आवक एवं आवश्यकता को देखते हुए बड़ी उपशाखाओं में ओसरा बंदी कार्यक्रम में बदलाव किया जा सकेगा।

---

ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल, लोगों को नहीं मिल पा रही सुविधाएं

# अनदेखीः 25 साल से बिना भवन के चल रहा आर्या उपस्वास्थ्य केंद्र, ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭इछावर




ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के सरकार के दावें तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में खोखला साबित हो रहें है। इसका अंदाजा आर्या उपस्वास्थ्य केंद्र से लगाया जा सकता है। जो पिछले करीब 25 सालों से बिना भवन के संचालित हो रहा है। ढाई दशक पहले उपस्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर होने के कारण बरसात के मौसम में जमीदोंज हो गया था, लेकिन उसके स्थान पर नवीन भवन अभी तक नही बनाया गया। भवन नही होने के कारण ग्रामीणों को उपस्वास्थ्य केंद्र का लाभ नही मिल पा रहा है। मरीजों, गर्भवती महिलाओं को उपचार कराने के लिए इछर-उधर भटकने को मजबूर होना पड रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नवीन भवन निर्माण की मांग कई बार प्रशासन के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से कर चुकें है। लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नही दे रहा है।

दीवड़िया सेक्टर के तहत आने वाला आर्या उपस्वास्थ्य केंद्र जिस पर आर्या सहित आसपास के करीब आधा दर्जन गांवों के लोगों को प्राथमिक उपचार सुविधा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का जिम्मा है। वह विभागीय उदासीनता के कारण स्वयं ही वर्शो से बीमार पड़ा हुआ है। दरअसल यहां पर कई अव्यवस्थाएं है। एक ओर जहां उपस्वास्थ्य केंद्र का सालों से भवन नही है। वही दूसरी ओर अन्य संसाधनों का भी अभाव बना हुआ है। ऐसे में लोगों को न तो प्राथमिक उपचार की सुविधा मिल रही है, और ना ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ। गर्भवती महिलाओं और मरीजों को उपचार कराने के लिए इछावर, सीहोर जाना पड़ रहा है। इन शहरों की दूरी अधिक होने के कारण कई मरीज देशी दवाई से घर पर ही बीमारी का इलाज कर रहे हैं जबकि कई लोग निजी क्लिनिकों पर जाकर अपना उपचार करवा रहें है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबध में विभाग के अधिकारीयों व जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है साथ ही उपस्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन निर्माण की मांग भी की गई, लेकिन अभी तक किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया है।

#### आधा दर्जन गांवों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का है जिम्मा

आर्या उपस्वास्थ्य केंद्र पर आर्या गांव की करीब 18 सौ की आबादी के अलावा रूपदी, बावड़िया गोसाई, मूंडला, बांगनखेड़ा आदि गांवो के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं व उपचार सुविधाएं मुहैया कराने का जिम्मा है। लेकिन केंद्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं के कारण इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने बताया कि उन्हे अपना ईलाज कराने के लिए शहरों का रूख करना पड़ता है। यहां तक कि प्राथमिक उपचार के लिए भी इधर-उधर भटकनें को मजबूर होना पड़ रहा है। लेकिन कोई भी जिम्मैदार इस ओर ध्यान नही दें रहा है।

#### ग्रामीणों की मांग होना चाहिए प्राथमिक केंद्र

गांव के जगदीश जाट, चंदरसिंह, मोहन जाट आदि ग्रामीणों का कहना है कि आर्या की आबादी करीब 2 हजार के लगभग है। इसके अलावा इसके आसपास दर्जनों गांव है जोकि हाट बाजार करने आर्या आते है। आर्या गांव सेंटर में भी है यदि यहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना कर दी जाएं तो क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्हें उपचार के लिए 20-40 किमी दूर इछावर , सीहोर नही जाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से आर्या में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की मांग की है।

---

5.85 लाख रुपए जब्त किए

## चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे में दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭खंडवा

खंडवा के पदमनगर थाना के अंतर्गत क्रोमा शोरुम के पास एक चोरी की घटना में शामिल अपराधियों को 24 घंटे में पुलिस की सक्रियता से गिरफ्तार किया। इस घटना में अज्ञात आरोपियों ने नगदी 5 लाख 85 हजार रुपए की चोरी की थी। बता दें की आदेश गौर पिता सतोष गौर निवासी सिंगाड़ तलाई की स्कूटी से पैसों की चोरी की गई थी। पदमनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। चोरी के आरोपियों में शिवम पिता प्रमोद जाति बनिया (27 वर्ष) और करण पिता राजेश (26 वर्ष) शामिल हैं। चोरी की जब्ती नगदी 5 लाख 85 हजार रुपए है। पुलिस ने यहां विवेचना की और आरोपियों को गिरफ्तार किया।




खंडवा पुलिस अधीक्षक मनोज राय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारनेकर के निर्देश के अनुसार, पदमनगर के थाना प्रभारी अरविन्द सिंह तोमर ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज और मुखबीर सूचना के आधार पर कार्रवाई की और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

अभियुक्तों की पहचान को निकालने के लिए पुलिस ने अभियुक्तों से अपने ट्रिक से पुछताछ की। इस तरह, उन्होंने चोरी के घटना को करने का सच्चाई सामने आने पर स्वीकार किया।इस कार्रवाई में, थाना प्रभारी अशोक सिंह चौहान, हर्ष सोनगरे, दिनेश कुमरावत, रविन्द्र सोलंकी, दिपेन्द्र भदौरिया, अंकुश भालेराव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उनकी कठिन कार्यवाही और त्वरित कार्रवाई से चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। चोरी के आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में कठिन कार्य किया है और समाज की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने की सराहना की जा रही हैं।

---

जांच के लिए पहुंचे तहसीलदार

## मोहम्मदपुरा में मजार की जमीन पर अतिक्रमण करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭बुरहानपुर

मोहम्मदपुरा क्षेत्र में एक व्यवसायी ने सीमेंट का कंस्ट्रक्शन कराकर बाउंड्रीवाल कराई। इसकी शिकायत तहसीलदार को की गई कि मजार के पास कंस्ट्रक्शन कर अतिक्रमण किया गया है। शुक्रवार दोपहर जांच के लिए बुरहानपुर तहसीलदार रामलाल पगारे मौके पर पहुंचे। व्यवसायी को ताकीद की कि शनिवार तक कंस्ट्रक्शन हटा लिया जाए। व्यवसायी ने भी उसे हटाने का आश्वासन दिया। दरअसल मोहम्मदपुरा में एक ऐतिहासिक स्ट्रक्चर के पास मजार है। इससे सटकर व्यवसायी मनमोहनसिंह ब्रिंदा की भी जमीन है। शिकायत मिलने पर जांच के लिए तहसीलदार रामलाल पगारे पहुंचे तो पाया सरकारी जमीन पर कंस्ट्रक्शन किया मिला।

#### आठ आरे जमीन पर किया कंस्ट्रक्शन

बुरहानपुर तहसीलदार रामलाल पगारे ने कहा कि एक शिकायत प्राप्त हुई है जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि मजार के सामने कंस्ट्रक्शन कर मजार को घेर लिया गया है। कंस्ट्रक्शन नजर आ रहा है। खसरा नंबर 236 पर आठ आरे जमीन पर कंस्ट्रक्शन किया गया है। वहीं व्यवसाई मनमोहन सिंह ब्रिंदा ने कहा पास में मेरी जमीन है। इसका खसरा नंबर 237-5 रिकॉर्ड में है। यह रास्ता भी नहीं है। मैंने अपनी मर्जी से पुरानी मजार है इसलिए रास्ता छोड़ दिया है। अतिक्रमण नहीं है। अगर अतिक्रमण निकलेगा तो हटा देंगे। पटवारी से नप्ती कराई थी। परमिशन लेकर काम कराया था।

---

## आपदा प्रबंधन समिति की बैठक 20 को

**हरदा।** अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारियों के सबंध में जिला आपदा प्रबंधन की बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में 20 मई सोमवार को टीएल मीटिंग के दौरान प्रातः 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में हरदा जिला अंतर्गत बाढ एंव राहत बचाव कार्य हेतु शासन से प्राप्त निर्देशानुसार विभागों की चेक लिस्ट एवं कार्य योजना तैयार की जाएगी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का नक्शा एंव बाढ़ प्रभावितों को ठहरने की व्यवस्था इत्यादि की जानकारी के साथ अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

---

# प्रधान जिला न्यायाधीश जैन ने किया जिला जेल का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭खंडवा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 17 मई को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खण्डवा ममता जैन द्वारा जिला जेल खंडवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला जेल खण्डवा के विभिन्न बैरक में निरूद्ध बंदीगण के रहन-सहन, खान-पान, साफ-सफाई, स्वास्थ्य, विधिक सहायता आदि विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने महिला बैरक का भी निरीक्षण कर निरूद्ध महिला बंदियों को मिल रही सुविधाओं का



जायजा लिया जाकर एक बच्चा जिसकी आयु लगभग 3 वर्ष है जो कि मॉ के साथ निरूद्ध होने से बच्चे की विषेष देखरेख, भरण पोषण व आहार के निर्देश दिये गये। साथ ही उन्होंने जेल में स्थापित रसोई घर, वीडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष, डिस्पेंसरी आदि का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त बंदीजनों से मुलाकात कर चिकित्सीय उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त कर बंदियों के लिए शुरू होने वाली टेलीमेडिसिन की प्रगति की जानकारी ली तथा इच्छुक बंदियों की शिक्षा व व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कराने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा कहा कि यह सर्वविदित है कि कोई भी व्यक्ति महिला या पुरूष जन्म से अपराधी नही होता है और ना ही स्वैच्छा से कारागार में प्रवेश लेता है। समाज में गरीबी, अज्ञानता, भय, क्रोध व दुर्घटनात्मक परिस्थितियों के कारण भी कई बार व्यक्ति से अपराध घटित हो जाते हैं। बंदियों से कहा गया कि यहाँ से जाने के बाद ऐसा काम दोबारा न करें, जिससे कि यहां वापस आना पड़े। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायाधीश सचिव यशवंत मालवीय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट परमानंद चौहान, जेल अधीक्षक अदिति चतुर्वेदी, उप जेल अधीक्षक ललित दीक्षित व विधिक सेवा व जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

---

## मुंबई में होर्डिंग गिरने के बाद शहर की 7 विज्ञापन एजेंसी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭बुरहानपुर




नगर निगम द्वारा मुंबई में होर्डिंग गिरने की घटना के बाद अब शहर के प्रमुख चौराहों और बिल्डिंगों पर लगे खतरनाक होर्डिंग को हटाने के लिए 7 विज्ञापन एजेंसियों को नोटिस जारी किया है। तीन दिन के अंदर होर्डिंग हटाने की निर्देश दिए गए। इसके बाद नगर निगम जेसीबी के माध्यम से होर्डिंग हटाने की कार्रवाई करेगा। दरअसल मुंबई की घटना के बाद सबसे पहले सशक्त पत्रकार समिति के उमेश जंगाले, राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा के प्रदेश महासचिव प्रदेश मुख्य संगठक तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला, यूनाइटेड प्रेस आर्गेनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अंसारी ने भी प्रशासन से शहर में लगे खतरनाक होर्डिंग को हटाने की मांग की थी। जिसके बाद प्रशासन ने एजेंसी संचालकों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसे लेकर नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, होर्डिंग प्रभारी राजेश मिश्रा ने कहा सात एजेंसियों को नोटिस दिया गया है। अगर वह तीन दिन के भीतर होर्डिंग नहीं हटाते तो हम होर्डिंग हटाकर जब्त करेंगे। शहर में अभी 119 होर्डिंग लगे हैं।

---

घोड़ा बग्गी, ऊंट के साथ श्रीगणेश, भगवान शंकर, राधा कृष्णा, रानी लक्ष्मीबाई की निकाली झांकी

# धूमधाम से गाजे बाजे के साथ निकली कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭बुरहानपुर

लालबाग मार्ग स्थित होटल संस्कार मैरिज गार्डन में पाटीदार परिवार की ओर से शुक्रवार से सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा की शुरुआत कराई गई। इससे पहले कलश शोभायात्रा निकाली गई। सुबह 9 बजे लालबाग के हनुमान मंदिर से श्रीमद भागवत कथा व कलश का विधिवत पूजन के बाद भागवत भूषण हरिकृष्ण मुखिया के सानिध्य में गाजे बाजों के साथ बड़े धूमधाम से यह कलश शोभायात्रा शुरू हुई। कथा के यजमान रमेश पाटीदार, मीना रमेश पाटीदार, राजाराम पाटीदार, गायत्री राजाराम पाटीदार माथे पर श्रीमद भागवत लेकर चल रहे थे।

घोड़ा बग्गी, ऊंट के साथ श्रीगणेश, भगवान शंकर, राधा कृष्ण, रानी लक्ष्मीबाई छत्रपति शिवाजी महाराज की झांकिया शोभायात्रा में बड़े आकर्षण का केंद्र रहे। हजारों की संख्या में भक्त हाथों में भगवा ध्वज और महिला भक्त माथे पर कलश लेकर चल रहे थे। वहीं शोभायात्रा के शामिल भजन मंडलियों



के भजनों पर झूमते गाते भक्तों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया था। जगह जगह लोगों ने शोभायात्रा में शामिल भक्तों का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा लालबाग के मुख्य मार्गो से होते हुए होटल संस्कार मैरिज गार्डन के कथा स्थल पर समाप्त हुई। इस दौरान भागवत भूषण हरिकृष्ण मुखिया ने कहा कि हम भागवत के द्वारा लोगों में एकता बनी रहे। भागवत में श्रीकृष्ण ने जल का महत्व बताया। धन का महत्व बताया और उसका क्या फायदा है जीवन के जीने की कला श्रीकृष्ण ने भागवत में बताई है। मानव ने सीखना चाहिए। सबसे बड़ी बात जीवन जीने की कला तो कई लोग बताते हैं लेकिन मृत्यु भी एक कला है। कैसे मरना हमारे जाने के बाद लोगों के आंखों में आंसू आ जाए।

ये सात दिनों तक भागवत में बताएंगे, वहीं कथा के यजमान रमेश पाटीदार ने कहा कि सबके कल्याण के लिए ये कथा करवाई जा रही है। शोभायात्रा में विधायक मंजू दादू, पूर्व विधायक ठाकुर सुरेन्द्र सिंह, गजेंद्र पाटिल, मनोज तारवाला, रामधारी मित्तल, हर्षवर्धन सिंह चौहान, राजू जोशी, नगर निगम अध्यक्ष अनिता यादव, अमर यादव, पार्षद राजा इंगले, विनोद पाटिल, विठ्ठल खोसे, मुकेश अग्रवाल, संतोष पवार, बाल्या महाराज, रवि गावंडे, जसपाल सलूजा, गुड्डू देवड़ा, दिलीप दिवेकर, विजय कारले, ज्योतिबा डल्स उपस्थित रहे।

---

# ‘उड़ान फरिश्तों की’ समर कैंप का समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭खंडवा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा भाग्योदय भवन खंडवा में चल रहे ‘उड़ान फरिश्तों की’ समर कैंप का समापन गुरुवार को हो गया। प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र और गिफ्ट वितरित किए गए। शक्ति दीदी ने बताया की गुरुवार सुबह 8:30 बजे समर कैंप का समापन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बैंक ऑफ़ बड़ोदा के मेनेजर रूपक कुमार रथ शामिल हुए।

समर कैंप में सम्मिलित बच्चों को संबोधित करते हुए शक्ति दीदी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि बच्चों को सबसे ज्यादा प्रेरणा माता-पिता से मिलती है। उनको देखकर वह वैसा ही बनने का प्रयास करते हैं। ब्रह्माकुमारी संस्थान में आकर उन्होंने यह सीखा कि जो कर्म मैं करूंगी मुझे देखकर अन्य लोग करेंगे। इससे उन्हें अपने कर्मों पर बहुत अटेंशन बना रहता है। उन्होंने समारोह में उपस्थित माता-पिता से अनुरोध किया कि अपना समय टीवी और मोबाइल में व्यर्थ नष्ट करने की बजाय बच्चों के संग बैठकर ज्ञानवर्धक चर्चा करें, ताकि बच्चों को प्यार मिले और अपनापन पैदा हो, वर्तमान समय इसकी बहुत अधिक आवश्यकता है। बच्चों में अच्छे गुणों और संस्कारों का बीज बोने का यह सही समय है। इस समय उनके अंदर लचीलापन होता है।

सच्चे अर्थों में व्यक्तित्व का निर्माण और जीवन को दिशा देने का काम इसी अवधि में हो सकता है। हम जैसा बनना चाहें वैसा अपने को बना सकते हैं। मुख्य अतिथि रूपक कुमार रथ ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रेरणा देने के लिए मोरल स्टोरी सुनाई,,आयोजन का समापन समारोह का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया, संस्था की बहनों द्वारा मुख्य अतिथि का तिलक एवं पुष्प द्वारा स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन रेणु बहन ने किया समर कैंप की विभिन्न एक्टिविटी के लिए बीके किरण दीदी और बीके आरती दीदी, प्रगति बहन, पावन बहन, डॉक्टर अर्पिता बहन, कीर्ति बहन, शारदा बहन, पूनम बहन आदि सम्मिलित थे।

---

## नपा ने दुकानों पर लगाया ताला 1.47 लाख रुपए की हुई वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

सालों से नगर पालिका के अधीन दुकानों और मकानों व जलकर जमा नहीं कराने वाले बकायादारों को लेकर नगर पालिका ने अब सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को नगर पालिका अमले ने शहर की कन्या शाला परिसर गुलजार भवन के सामने नपा के स्वामित्व की चार दुकानों का टैक्स जमा नहीं कराने को लेकर कार्रवाई की गई है। सीएमओ कमलेश पाटीदार ने बताया कि एक दुकान पट अमले ने तालाबंदी की गई। हालांकि, उसके कुछ देर बाद ही दुकानदार ने बकाया राशि जमा करा दी। वही अन्य तीन दुकानों पर कार्रवाई से एक लाख सैतालीस हजार रुपए की बकाया राशि प्राप्त मिली है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई में राजस्व शाखा के श्रीकांत अग्रवाल, लखन बांके,अर्जुन सिंह,



देवीदास राठौर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।